<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 12.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)</u>

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची स्थित बड़ा तालाब पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर श्री खट्टर ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने की सीख दी।

मौके पर श्री सेठ ने छात्रों को स्वामी जी कॉ विचारों को आत्मसात करने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की महत्वपूर्ण शिक्षा दी।

<u>*******************</u>

भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारिक डॉ के लक्ष्मण के निर्देश पर प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए कार्यक्रमों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। श्री वर्मा ने आज रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी।

<u>*******************</u>

रांची पुलिस ने हिंदपीढ़ी में छापेमारी कर पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने सादे लिबास में ग्राहक बनकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। आरोपितों के पास से भारी मात्रा में पिस्टल, रिवॉल्वर और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर हुई।

<u>*******************</u>

सरायकेला–खरसावां के कपाली थाना में तैनात हवलदार सागर हेंब्रम का कुचाई स्थित उनके पैतृक आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ने से उनकी मृत्यु हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

<u>*******************</u>

रांची जिला प्रशासन ने बढ़ती ठंड से राहत दिलाने के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यापक व्यवस्था की है। यह पहल बेघर लोगों, मजदूरों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए की गई है। अधिकारियों को अलाव की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

<u>*******************</u>

गुमला जिला मुख्यालय के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला स्तरीय कृष्णा उरांव स्मृति एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025–26 का झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त बनाना और उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक करना है। इस मौके पर न्यायमूर्ति श्री चौधरी ने अपने संबोधन में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी और एथलेटिक्स खिलाड़ियों से पढ़ाई के साथ–साथ खेल में भी ऊंचाइयों तक पहुंचने का आह्वान किया।

<u>*******************</u>

जमशेदपुर के एक्सएलआरआई कैंपस में आयोजित एक्स फैक्ट 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य समाजसेवा के लिए धन जुटाना था। इसमें कुल 17 टीमों और 240 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल में महिला वर्ग में एक्सएल स्ट्राइकर्स ने लोयोला एलुमनाई

को 30 रन से हराया, जबकि पुरुष वर्ग में जेडीसीए ने विंटेज वॉरियर्स को 8 रन से पराजित किया। डॉ. विवेक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

*******समाप्त*******